# हिंदी सप्ताह रिपोर्ट – सितंबर, 2021

सेवा मंडल एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित श्रीमती मणिबेन एम. पी. शाह विमेंस कॉलेज ऑफ़ आर्ट्स एंड कॉमर्स (स्वायत्त) के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक – 14 सितंबर, 2021 से 20 सितंबर, 2021 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया था | इस सप्ताह में विभिन्न प्रतियोगिताएँ, राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी, काव्य सम्मलेन और अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया था | जिनकी जानकारी इस प्रकार है –




दिनांक 14 सितंबर, 2021 में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन गूगल फॉर्म के माध्यम से किया गया था | इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, झारखंड, दिल्ली, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, ओड़िसा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, हरियाणा राज्यों के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से कुल 145 विद्यार्थियों ने भाग लिया था | सभी विद्यार्थियों को उन्होंने प्राप्तांक सहित ई-प्रमाण पत्र दिए गए|

दिनांक 14 सितंबर, 2021 को ही निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था| विद्यार्थियों को निबंध लेखन के लिए तीन विषय निर्धारित किए गए थे – 'हिंदी का वैश्विक परिदृश्य', 'देश की आजादी में हिंदी भाषा का योगदान', 'वर्तमान समय में पर्यावरणीय क्षति के कारण एवं समाधान'| इस प्रतियोगिता में विभाग द्वारा निर्धारित मेल आईडी पर कुल 26 विद्यार्थियों ने हस्तलिखित निबंध की स्कैन कॉपी (पीडीऍफ़) भेजी| इनमें से महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, तमिलनाडु राज्य के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से स्नातक के कुल 18 विद्यार्थी और स्नातकोत्तर के कुल 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया| इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं –

स्नातक

प्रथम पुरस्कार – मीता पाण्डेय (इलाहबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश)

द्वितीय पुरस्कार – गोरल दीपक पटेल (रामनारायण रुइया कॉलेज, मुंबई)

तृतीय पुरस्कार – आलोक (स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, दिल्ली)

स्नातकोत्तर


प्रथम पुरस्कार – सोनम तिवारी (एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, चर्चगेट, मुंबई)


द्वितीय पुरस्कार – खान उम्मे कुलसुम (श्रीमती मणिबेन एम. पी. शाह विमेंस कॉलेज, माटुंगा)


दिनांक 15 सितंबर, 2021 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक 'समकालीन परिदृश्य में पारंपरिक तथा आधुनिक संचार माध्यम' विषय पर 'राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी' का आयोजन किया गया| यह संगोष्ठी गूगल मीट के माध्यम से संपन्न हुई| संगोष्ठी का प्रारम्भ गणेश वंदना से हुआ| महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. लीना राजे ने स्वागत वक्तव्य दिया और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. उषा मिश्रा ने संगोष्ठी की भूमिका स्पष्ट की| डॉ. वृषाली चौगुले ने अतिथियों का परिचय दिया| संगोष्ठी में बीज वक्तव्य डॉ. संजय सिंह (वरिष्ठ पत्रकार, जी न्यूज़, मुंबई) ने दिया| उन्होंने बीज वक्तव्य में समाचार चैनलों में हिंदी के बदलते हुए स्वरूप पर प्रकाश डाला| अतिथि वक्ता राहुल खटे (राजभाषा आधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, नासिक) ने भारतीय भाषा में ई-मेल आईडी बनाना, इनस्क्रिप्ट की बोर्ड का प्रयोग तथा राजभाषा विभाग द्वारा बनाए विभिन्न एप की जानकारी दी| मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश हिन्दुस्तानी (वरिष्ठ पत्रकार, इंदौर, मध्यप्रदेश) ने ज्ञान, विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में हिंदी भाषा के बढ़ते हुए महत्व को स्पष्ट किया साथ ही न्याय एवं चिकित्सा क्षेत्र में हिंदी भाषा के सामने खड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डाला| संगोष्ठी के अध्यक्ष के रूप में प्रकाश दुबे (समूह संपादक, दैनिक भास्कर, नागपुर) जुड़े थे| उन्होंने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में हिंदी समाचार पत्रों के बढ़ते हुए महत्व को स्पष्ट किया साथ ही हिंदी पत्रकारों की सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला| डॉ. पूनम पटवा (मुंबई) और सविता मौर्य (तंजानिया) ने अपना मंतव्य व्यक्त किया| विषय से संबंधित विद्यार्थियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का संगोष्ठी में उपस्थित विद्वजनों ने विश्लेषण किया| संगोष्ठी का संचालन प्रशांत देशपांडे ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. वृषाली चौगुले ने किया|


इस संगोष्ठी के कुछ तस्वीरें –







Madhavi Pawar
prashant deshpande
Leena Raje
madhavi sathe
sanjayreporting
Prakash Dube
Dr. Prakash Hindustani
Gouri Mohan
Vrushali Chaughule
neha bhonsle
tabassum
Poonam Patwa
Rani Sharma
27 others
You
afj-gxht-gzs




Samiya Ansari
sanjayreporting
Prakash Dube
Dr. Prakash Hindustani
राहुल खाटे Rahul Khate
Dr. Usha Mishra





दिनांक 16 सितंबर, 2021 को सुबह 11.00 बजे वक्तृत्व स्पर्धा का आयोजन किया गया था | यह स्पर्धा गूगल मीट के माध्यम से संपन्न हुई| इस स्पर्धा के लिए तीन विषय निर्धारित किए गए थे – ऑनलाइन शिक्षा, कोविड-19 और भारतीय अर्थव्यवस्था, बाजारवाद और हिंदी| इस स्पर्धा में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से कुल 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया था| डॉ. उषा मिश्रा के स्वागत वक्तव्य से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ |इस स्पर्धा में परीक्षक की भूमिका मीना छेड़ा और मधु मेहता ने निभाई| स्पर्धा का संचालन डॉ. वृषाली चौगुले ने किया और प्रशांत देशपांडे ने आभार व्यक्त किए| इस स्पर्धा के परिणाम इस प्रकार है

स्नातक

प्रथम पुरस्कार – जोशुआ कोस्टेलिनो (सेंट ज़ेवियर कॉलेज, मुंबई)


द्वितीय पुरस्कार – विशाल पाण्डेय (बी.के.बिरला कॉलेज, कल्याण)


प्रोत्साहन पुरस्कार – प्रियंका जोगदंड (श्रीमती मणिबेन एम.पी.शाह विमेंस कॉलेज, माटुंगा)

स्नातकोत्तर

प्रथम पुरस्कार – कमल अफरीन शेख (गुरुनानक खालसा कॉलेज, माटुंगा, मुंबई)

इस स्पर्धा की कुछ तस्वीरें –




दिनांक 17 सितंबर, 2021 को सुबह 11.00 बजे स्वरचित काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया| यह प्रतियोगिता गूगल मीट के माध्यम से संपन्न हुई| इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से कुल 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया था| इस प्रतियोगिता में परीक्षक की भूमिका डॉ. मिली भट्ट (प्राचार्या, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, झाँसी) और रिंकू राजपुरोहि ने निभाई| इस प्रतियोगिता का संचालन प्रशांत देशपांडे ने किया और आभार ज्ञापन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. उषा मिश्रा ने किया| इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है:

स्नातक

प्रथम पुरस्कार – अजय खरब (सेंट ज़ेवियर कॉलेज, मुंबई)


द्वितीय पुरस्कार – समीक्षा शुक्ला (श्रीमती एम. डी. शाह महिला कॉलेज, मलाड)


तृतीय पुरस्कार – मीनाक्षी शुक्ला (श्रीमती मणिबेन एम.पी.शाह विमेंस कॉलेज, माटुंगा)


स्नातकोत्तर

प्रथम पुरस्कार – प्रशांत कुमार यादव (गुरुनानक खालसा कॉलेज, माटुंगा, मुंबई)

इस स्पर्धा की कुछ तस्वीरें –








दिनांक 18 सितंबर, 2021 को दोपहर 3.00 बजे कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया था | यह सम्मलेन गूगल मीट के माध्यम से संपन्न हुआ| इस कवि सम्मलेन के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. लीना राजे ने स्वागत वक्तव्य दिया और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. उषा मिश्रा ने सम्मलेन से जुड़े कवियों का परिचय दिया| सम्मलेन का संचालन डॉ. अनंत श्रीमाली ने किया| डॉ. रजनीकांत मिश्र, ज्योति त्रिपाठी ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत की| कवि सागर त्रिपाठी ने सम्मलेन के अध्यक्ष की भूमिका निभाई और अपनी काव्य रचनाएँ प्रस्तुत की| इस सम्मलेन में कुल 57 श्रोता जुड़े थे| सम्मलेन का आभार ज्ञापन डॉ. वृषाली चौगुले ने किया|

इस सम्मलेन की कुछ तस्वीरें –


सेवा मंडल एज्युकेशन सोसायटी द्वारा संचालित
श्रीमती मणिबेन एम.पी.शाह विमेंस कॉलेज
ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स (स्वायत्त)
हिंदी विभाग द्वारा हिंदी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित
कवि सम्मेलन
दिनांक -18 सितंबर,2021
समय - दोपहर 3 बजे
आमंत्रित कवि
सागर त्रिपाठी
डॉ. रजनीकांत मिश्र
डॉ. अनंत श्रीमाली
ज्योति त्रिपाठी
हिंदी विभागाध्यक्ष एवं संयोजक
डॉ. उषा मिश्रा
प्राचार्य
डॉ. लीना राजे
"आप सभी सादर आमंत्रित हैं"
श्रीमती परमेश्वरी देवी गोर्धनदास गरोडिया एज्युकेशनल कॉम्प्लेक्स,
338, आर. ए किडवई रोड, माटुंगा, मुंबई- 400019




afj-gxht-gzs
prashant
Dr. Usha
Kavi Dr Raj...
You

दिनांक 20 सितंबर, 2021 को दोपहर 3.30 बजे डॉ. पुष्पिता अवस्थी (अध्यक्ष, हिंदी यूनिवर्स फाउंडेशन, नीदरलैंड) का व्याख्यान का आयोजन किया गया| यह व्याख्यान गूगल मीट के माध्यम से संपन्न हुआ| डॉ. पुष्पिता अवस्थी जी ने ‘स्वाधीनता से स्वराज तक’ विषय पर अपने विचार व्यक्त किए| अपने व्यख्यान में उन्होंने भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला|







ARCHANA BHATT
Aarti Mishra
Varsha Gaikwad
Iram Malik
Leena Raje
49 others
You
30°C Rain showers
ENG


meet.google.com/afj-gxht-gzs?authuser=0
Leena Raje
Rajani Kanojia
Rani Sharma
Vrushali Chaughule
pushpita awasthi
Uma Ganekar
37 others
You
afj-gxht-gzs
Type here to search
30°C Light rain
ENG